प्रेषक,

तृषा मिश्रा,
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
मुरादाबाद।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक महोदय,
मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।

विषय- निज आवास हेतु भूमि क्रय करने के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी को जनपद लखनऊ में निज आवास हेतु भूमि क्रय करना है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा भूमि क्रय करने हेतु श्रीमती मनीषा चोला एवं सुश्री शिवि चोला निवासी 21 मुरारी नगर, फैजाबाद रोड, इंद्रानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश से वार्ता की गयी है। वह अपनी भूमि प्लाट संख्या GGL-H2-47 सेक्टर H ऐमार टाऊनशिप, एरिया 200 वर्गमीटर (10X20 मीटर) जोकि ग्राम सरसांवा, अरधौना मऊ एवं अहमामऊ परगना लखनऊ तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ में स्थित है, का विक्रय अपनी पारिवारिक आवश्यकताओं के कारण सहर्ष करने को तैयार हैं, जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय किया जाना है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या सी.एल संख्या 25/एडमिन ए दिनांकित 13.07.1998 के अनुसार प्रार्थना पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया जा रहा है।

1- यह कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा न्यायिक सेवा में दिनांक 31.01.2015 को कार्यभार ग्रहण किया गया। उस समय अधोहस्ताक्षरी द्वारा कोई भी अचल संपत्ति धारित नहीं की जा रही थी तथा तत्समय चल संपत्ति का विवरण निम्नवत हैः-

1. टेलीविजन एल.जी 2. फ्रिज एल.जी 3. फर्नीचर ( डबल बैड, सोफा सेट, डाइनिंग टेबल, अलमीरा, ड्रेसिंग टेबल आदि) 4. दो कलाई घड़ी 5.एयर कंडीशनर (1.5 टन एल.जी) 6. स्वर्ण आभूषण (500 ग्राम लगभग) 7. बर्तन लगभग 20,000/-रुपए 8. वाशिंग मशीन (एल.जी) 9. चांदी लगभग (3 किग्रा. शादी से पहले) 10. लेपटाप डैल कंपनी (कीमत लगभग 45,000 रुपए) 11.एक मोबाइल फोन सैमसंग।

2- यह कि मेरा कुल मासिक वेतन 222820/-रुपए है, जिसमें आवश्यक कटौती के उपरान्त 178118/-रुपए प्रतिमाह प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त मेरे पति श्री विनय कुमार जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रेलवे, मुरादाबाद का कुल मासिक वेतन 240980/- रुपए है, जिसमें आवश्यक कटौती के उपरान्त 194487/- रुपए प्राप्त होते हैं।

3- यह कि मेरे द्वारा पूर्व में ग्राम धांवा परगना लखनऊ तहसील व जिला लखनऊ में कुल तीन हजार वर्ग फीट भूमि माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात क्रय की गयी है, जिसका पंजीकरण कराने के पश्चात सूचना माननीय उच्च न्यायालय को पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी के नाम कोई भी अचल संपत्ति नहीं है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा धारित सभी चल एवं अचल संपत्तियों का विवरण पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित किया जा चुका है।

4- यह कि माननीय उच्च न्यायालय से कोई अग्रिम धनराशि या ऋण प्राप्त नहीं किया गया है, न ही इस संबंध में कोई प्रार्थना पत्र माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है।

5- यह कि आवंटीगण की कुल भूमि प्लाट संख्या GGL-H2-47 सेक्टर H ऐमार टाऊनशिप, एरिया 200 वर्गमीटर (10X20 मीटर) जोकि ग्राम सरसांवा, अरधौना मऊ एवं अहमामऊ परगना लखनऊ तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ में स्थित है, का विक्रय रुपया एक करोड़ पंद्रह लाख/- में अपनी पारिवारिक आवश्यकताओं के कारण सहर्ष

Scanned with OKEN Scanner

विक्रय करने को तैयार हैं, जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय किया जाना है। प्रतिफल का भुगतान माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने की प्रत्याशा में पचास लाख रुपए जरिए चेक तथा 65 लाख रुपया का ऋण एस.बी.आई. बैंक से 15 वर्ष की अवधि हेतु आहरित कर भुगतान किया जाना है, जिसकी मासिक किश्त प्रतिमाह लगभग 59500/-रुपए लगभग होगी जिसकी कटौती मेरे बचत खाते से प्रतिमाह की जाएगी।

6- N.A

7-यह कि कुल भूमि प्लाट संख्या जी.जी.एल एच-2-47 सेक्टर एच जोकि ग्राम सरसांवा, अरधौना मऊ एवं अहमामऊ जोकि परगना लखनऊ तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ में स्थित है, जिसको अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय किया जाना है।

8- यह कि प्रस्तावित वर्तमान आवंटीगण श्रीमती मनीषा चोला व सुश्री शिवि चोला म0सं0-21 मुरारी नगर, फैजाबाद रोड, इंद्रानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, जिनसे उक्त संपत्ति को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में अंतरित किया जाना है तथा ऐमार इंडिया लिमिटेड (विक्रेता/डीलर) जिसको कि भूमि की रजिस्ट्री करना है, का पता सी-2 डिस्ट्रिक्ट सेंटर साकेत, नई दिल्ली 110017 है।

9- यह कि डीलर ऐमार इंडिया लिमिटेड रेगुलर एवं रेप्यूटेड बिल्डर एवं डेवलेपर हैं।

10 -यह कि मेरा वर्तमान आवंटीगण तथा डीलर (ऐमार इंडिया लिमिटेड) से किसी प्रकार से कोई संबंध नहीं है और न ही उक्त आवंटीगण/डीलर या उनके किसी संबंधी का कोई वाद मेरे न्यायालय में लंबित है और न ही उक्त आवंटीगण/डीलर या उनके किसी संबंधी का कोई विवाद मेरे द्वारा कभी निर्णित किया गया है। इसके अतिरिक्त मैं जनपद लखनऊ में कभी कार्यरत नहीं रही हूं।

11- यह कि माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के पश्चात भूमि का पंजीकरण कराया जाना है तथा पंजीकरण के उपरान्त सेल डीड तथा आवश्यक प्रपत्रों के स्वप्रमाणित छायाप्रति को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को सूचनार्थ प्रेषित की जाएगी।

12- भूमि के क्रय हेतु प्रस्तावित लोन ऑफर पत्र स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कुल रकम 65 लाख की स्वप्रमाणित छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है।

13- यह कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुद्धि बिहार में मेरे व्यक्तिगत बचत खाता संख्या-30392560041 का विगत छः माह का स्टेटमेंट स्वप्रमाणित छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। दिनांक 07.06.2024 तक मेरे बचत खाते में कुल 16,04,850.78/-रुपए जमा हैं। इसके अतिरिक्त मेरे पति श्री विनय कुमार जायसवाल के बचत खाता संख्या 31846706570 भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिविल लाइंस, जिला मुरादाबाद के खाते में वर्तमान में 211964.18/-रुपए हैं जिसका 06 माह का स्टेटमेंट की स्वप्रमाणित छायाप्रति इस पत्र के संलग्न की जा रही है।

14- यह कि उक्त भूमि एरिया 200 वर्ग मीटर (10X20 मीटर) का कुल मूल्य एक करोड़ पंद्रह लाख में विक्रय होना तय हुआ है। वर्तमान में मेरे बचत खाते में कुल 16,04,850.78/-रुपए जमा हैं तथा म्यूचल फंड में कुछ धनराशि पूर्व में जमा की गयी थी जिसकी वर्तमान वैल्यू 5538339.11/-रुपए है। उक्त म्यूचल फंड की कटौती मेरे बचत खाते से एक मुश्त/मासिक तौर पर हो रही है। म्यूचल फंड के विवरण के संबंध में संपत्ति विवरण के तौर पर माननीय उच्च न्यायालय को पूर्व में सूचना दी जा चुकी है। म्यूचल फंड स्टेटमेंट की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न है। इसके अतिरिक्त मेरे पति श्री विनय कुमार जायसवाल भी न्यायिक सेवा में है, जोकि जनपद मुरादाबाद में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर रेलवे), मुरादाबाद के रुप में कार्यरत हैं। उनके बचत खाता (31846706570) एस.बी.आई. में कुल धनराशि 211964.18/-रुपए जमा है। इनके म्यूचल फंड में कुछ धनराशि जमा है, जिसकी वर्तमान में वैल्यु 4353805.25/-रुपए है। उक्त म्यूचल फंड की कटौती मेरे बचत खाते से एक मुश्त/मासिक तौर पर हो रही है। म्यूचल फंड के विवरण के संबंध में संपत्ति विवरण के तौर पर माननीय उच्च न्यायालय को पूर्व में सूचना दी जा चुकी है। म्यूचल फंड स्टेटमेंट की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न है। मेरे पति श्री विनय कुमार जायसवाल द्वारा अपने म्यूचल फंड से बीस लाख रुपए आहरित कर उपहार स्वरुप मेरे खाते में अंतरित किया जाना है, जिसके लिए उनके द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी है। मेरे द्वारा अपने म्यूचल फंड में से कुल बीस लाख रुपए आहरित किया जाना है

Scanned with OKEN Scanner

तथा बचत खाते से कुल दस लाख रुपए/- आहरित किया जाना है। इस प्रकार कुल पचास लाख रुपए/- आवंटीगण को जरिए चैक (श्रीमती मनीषा चोला पच्चीस लाख तथा सुश्री शिवि चोला को पच्चीस लाख रुपए/-) का भुगतान किया जाना है तथा शेष धनराशि रुपए 65 लाख का भुगतान एस.बी.आई से ऋण के रुप में प्राप्त करना है तथा जिसका भुगतान एस.बी.आई द्वारा आवंटीगण के पक्ष में किया जाएगा।

15- यह कि एस.बी.आई से रुपए 65 लाख/-रुपए का ऋण प्राप्त किया जाना है, जिसकी मासिक किश्त लगभग 59500/- रुपए है। तथा आवश्यक कटौती के पश्चात मेरा वेतन 178118/- रुपए है। अतः किश्त के भुगतान में कोई समस्या नहीं होगी। इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा वर्तमान में कोई अन्य लोन नहीं लिया गया है और न ही किसी प्रकार की कोई लोन की किश्त मेरे वेतन से कट रही है।

16- यह कि आवंटीगण उक्त प्लाट के प्रथम आवंटीगण हैं। इनके द्वारा पूर्व में प्लाट का संपूर्ण भुगतान ऐमार इंडिया लिमिटेड को कर दिया गया है, किंतु वर्तमान में उक्त प्लाट का पंजीकरण आवंटीगण द्वारा नहीं कराया गया है। प्लाट का संपूर्ण भुगतान प्रथम आवंटीगण को करने के पश्चात भूमि का पंजीकरण अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में ऐमार इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जाना है जिसमें ऐमार इंडिया लिमिटेड को कोई आपत्ति नहीं है।

अतः श्रीमान जी से सादर अनुरोध है कि वर्तमान आवंटीगण श्रीमति मनीषा चोला एवं सुश्री शिवि चोला के प्लाट संख्या जी.जी.एल-एच 2-47 सेक्टर एच एम.आर.एम.जी.एफ. इंटीग्रेटेड टाउनशिप, लखनऊ एरिया 200 वर्ग मीटर (10X20 मीटर) जोकि ग्राम सरसांवा, अरधौना मऊ एवं अहमामऊ परगना लखनऊ तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ में स्थित है, से अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में आवंटन हस्तानांतरित कराने तथा ऐमार इंडिया लिमिटेड से अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में रजिस्ट्री कराने हेतु माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति प्रदान कराने की महत्ती कृपा करें। प्रार्थिनी सदैव आपकी आजीवन आभारी रहेगी।

दिनांकः11.06.2024

प्रार्थिनी,
11.06.24
(तृषा मिश्रा)
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
मुरादाबाद।
JOCODE-UP2074

संलग्नकः

1-एस.बी.आई के बचत खाता संख्या 30396560041 तथा म्यूचल फंड में दिनांकित 07.06.2024 तक जमा धनराशि की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

2-श्री विनय कुमार जायसवाल की एस.बी.आई के बचत खाता संख्या 31846706570 तथा म्यूचल फंड में दिनांकित 07.06.2024 तक जमा धनराशि की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

3-एस.बी.आई बैंक का ऋण के संबंध में ऑफर लेटर।

## मुरादाबाद जजशिप, मुरादाबाद।

पत्रांक/124 /2024 (प्रशा0)) मुरादाबाद दिनांक 12/06/24

सेवा में,

मा0 महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद
को सादर अग्रसारित।

12/06/2024
I/c जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।

Scanned with OKEN Scanner